दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 07 मुरादाबाद, 2 7April 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com




## हमारा लक्ष्य सबका अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, वन अर्थ-वन हेल्थ हेल्थकेयर इंडिया समिट में बोले पीएम



पीएम मोदी ने कहा कि वैक्सीन और दवाओं के माध्यम से जीवन बचाने के महान मिशन में भारत को कई देशों का भागीदार होने पर गर्व है। भारत ने कोविड महामारी के दौरान 30 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन डोज 100 से ज्यादा देशों में मदद के लिए पहुंचाई हैं। यहा हमारी क्षमता और प्रतिबद्धता को दिखाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न वन अर्थ वन हेल्थ- एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 समिट को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति भारत की दृष्टि केवल बीमारी की कमी पर ही नहीं रुकती। रोगों से मुक्त होना कल्याण के मार्ग का एक पड़ाव मात्र है। भारत ने त्र-20 की प्रेसीडेंसी वन अर्थ वन हेल्थ वन फ्यूचर की थीम के साथ शुरू की। वन अर्थ वन हेल्थ- एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 समिट को संबोधित करते हुए PM मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य सभी का अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण है। हमारा लक्ष्य सभी का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण है। वैक्सीन और दवाओं के माध्यम से जीवन बचाने के महान मिशन में भारत को कई देशों का भागीदार होने पर गर्व है। भारत ने कोविड महामारी के दौरान 30 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन डोज 100 से ज्यादा देशों में मदद के लिए पहुंचाई हैं। यहा हमारी क्षमता और प्रतिबद्धता को दिखाता है।

## धारवाड़ में राजनाथ बोले- सरकार सभी भ्रष्ट नेताओं की जांच करेगी, चाहे कितने भी प्रमुख क्यों न हों




राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भ्रष्टाचार पर हमला हो रहा है, बड़े नेता जेल जा रहे हैं... वे ( विपक्ष ) दावा करते हैं कि यह जांच जानबूझकर की गई है। यह सरकार सभी भ्रष्ट नेताओं की जांच करेगी, चाहे वे कितने भी प्रमुख क्यों न हों।कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है। भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव प्रचार अभियान में पूरा जोर लगा रखा है। दोनों पार्टियों के बीच परस्पर विरोधी बयानबाजी का दौर भी चरम पर है। इसी बीच रक्षा मंत्री और भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने बुधवार को कर्नाटक के धारवाड़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भ्रष्टाचार पर हमला हो रहा है, बड़े नेता जेल जा रहे हैं... वे ( विपक्ष ) दावा करते हैं कि यह जांच जानबूझकर की गई है। यह सरकार सभी भ्रष्ट नेताओं की जांच करेगी, चाहे वे कितने भी प्रमुख क्यों न हों। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण देकर भारत के संविधान की अवमानन की। 1975 में मनमाने तरीके से संविधान में संशोधन कर आपातकाल लगाकर लाखों की संख्या में लोगों को जेल में डाल दिया। भाजपा कभी ऐसा पाप नहीं कर सकती चाहे सत्ता मिले या न मिले। रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि भ्रष्टाचार इतना है कि अगर मैं 100 पैसा भेजता हूं तो लोगों को 14 पैसा मिलता है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में हम अगर किसानों के खाते में 10 हजार रुपये भेजते हैं तो उन्हें 10 हजार ही मिलते हैं।

## अमित शाह ने जारी किया स्मारक सिक्का, बोले- PM की 'मन की बात' आकाशवाणी को युवा पीढ़ी तक ले गई




PM मोदी के मन की बात @ 100 पर राष्ट्रीय कॉन्क्लेव के समापन सत्र पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लोकतंत्र के अंदर जनसंवाद के अनेक माध्यम होते हैं और मोदी जी ने आकाशवाणी को जनसंवाद को चुना।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में मन की बात @ 100 पर राष्ट्रीय सम्मेलन में एक स्मारक सिक्का जारी किया। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम का 100वां एपिसोड आगामी रविवार को प्रसारित किया जाएगा। PM मोदी के मन की बात @ 100% पर राष्ट्रीय कॉन्क्लेव के समापन सत्र पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लोकतंत्र के अंदर जनसंवाद के अनेक माध्यम होते हैं और मोदी जी ने आकाशवाणी को जनसंवाद को चुना। इससे आकाशवाणी युवा पीढ़ी तक पहुंचा। मैं बचपन से आकाशवाणी का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। मैंने कई महत्वपूर्ण बातें आकाशवाणी पर सुनी हैं। बांग्लादेश पर भारत की विजय को मैंने आकाशवाणी पर सुना है। आपातकाल के बाद, एक तानाशाह के पराजय को सुबह 5 बजे आकाशवाणी के बुलेटिन पर सुना कि इंदिरा गांधी पराजित हो गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे लोकतंत्र में 2 बड़े योगदान किए हैं। एक, उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण से मुक्त किया है। दूसरा, उन्होंने पद्म पुरस्कारों का लोकतंत्रीकरण किया है। पहले पद्म पुरस्कार सिफारिश से मिलते थे। आज पद्म पुरस्कार छोटे से छोटे व्यक्ति लेकिन बड़ा योगदान करने वाले को दिया जाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी हर चुनौती को अवसर में बदलते हैं: शाह

अमित शाह ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम की खूबी यह है कि नरेंद्र मोदी जैसे राजनीतिक व्यक्ति ने इसके 99 कड़ियों में एक भी राजनीतिक मुद्दे का जिक्र नहीं किया। लोकतंत्र में प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा योगदान जाति की राजनीति, भाई-भतीजावाद, तुष्टिकरण की समाप्ति और पद्म पुरस्कारों का लोकतंत्रीकरण करना है। 'मन की बात' कार्यक्रम की आधे घंटे की कड़ी करोड़ों लोगों को राष्ट्र के प्रति योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री मोदी हर चुनौती को अवसर में बदलते हैं।

### विकलांग को दिव्यांग बनाने का काम किया: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विकलांग शब्द कितना अपमानजनक था और हमें मालूम नहीं था कि हम सालों से इसका इस्तेमाल कर रहे थे।

मोदी जी ने मन की बात के एक एपिसोड से विकलांग को दिव्यांग बनाने का काम किया और करोड़ों लोगों को सम्मानित किया।

## नक्सली हमले के बाद अमित शाह ने की भूपेश बघेल से बात, हरसंभव मदद का आश्वासन दिया



छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार को एक नक्सली हमले में 10 जवान शहीद हो गए। आईईडी धमाके में एक नागरिक के भी मारे जाने की खबर है। सभी जवान डीआरजी ( डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड ) के हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात की। उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर के पास नक्सली हमले में वीर गति को प्राप्त 10 डीआरजी जिला रिजर्व गार्ड जवानों की जानकारी ली। उन्होंने छत्तीसगढ़ ष्टरू को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सीएम बघेल ने बताया कि दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र अंतर्गत माओवादी कैडर की उपस्थिति की सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान के लिए पहुंचे डीआरजी बल पर आईईडी विस्फोट से हमारे 10 डीआरजी जवान एवं एक चालक के शहीद होने का समाचार बेहद दुखद है शाह ने कही यह बात-केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया कि दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए कायरतापूर्ण हमले से क्षुब्ध हूं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से बात की है और राज्य सरकार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। शहीद जवानों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं।प्रदेशवासी उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं- बघेल इससे पहले सीएम बघेल ने बताया कि दंतेवाड़ा के थाना अरनपुर क्षेत्र अंतर्गत माओवादी कैडर की उपस्थिति की सूचना पर नक्सल विरोधी अभियान के लिए पहुंचे डीआरजी बल पर आईईडी विस्फोट से हमारे 10 डीआरजी जवान एवं एक चालक के शहीद होने का समाचार बेहद दुखद है। हम सब प्रदेशवासी उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके परिवारों के साथ दुःख में हम सब साझेदार हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।ऑपरेशन कर लौट रहे थे जवान- छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि नक्सलियों के छुपे होने की जानकारी आई थी, जिसके बाद ष्ठक्रत्र के जवान वहां पहुंचे थे। वह ऑपरेशन कर लौट रहे थे कि तभी ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में उनका वाहन आया। घटना में 10 जवान और एक चालक शहीद हुए हैं। हमने और बल को भेज दिया है। पिछले 4 वर्षों में नक्सलियों का 60% मूवमेंट कम हुआ है।राहत और बचाव कार्य जारी बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि हमने एक सूचना पर अभियान चलाया था। अभियान पूरा करने के बाद टीम जब वापस लौट रही थी कि तभी वाहन ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आ गया। वाहन में 10 DRG ( जिला रिजर्व गार्ड ) जवान थे और एक वाहन चालक था। शहीद जवानों के शवों को वापस लाया जा रहा है। मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है।

## ऐसा करना BJP की आदत...आजम खान-इरफान सोलंकी पर दर्जनों मुकदमे किए जाने पर शिवपाल यादव का फूटा गुस्सा



कानपुर देहात - विपक्ष को खत्म करने के लिए भाजपा काम कर रही, विपक्षी नेताओं को झूठे केस में फंसा कर जेल भेजा जा रहा। चाहे इरफान सोलंकी हो चाहे आजम खान सभी के साथ यह हाल है, जब हम सरकार में थे तो विपक्ष को पूरा सम्मान दिया जाता था। लोकतंत्र का हिस्सा विपक्ष है। यह बातें सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सिकंदरा में कहीं। इटावा जाते समय वह एक ढाबे पर रुके थे।उन्होंने प्रयागराज कांड को लेकर कहा पुलिस हिरासत में हत्या हो जाना सरकार और पुलिस के फेल होने का सबूत है। किसी अपराध की सजा देना न्यायपालिका का काम है और ऐसा ही हमेशा होना चाहिए। इस सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार हर तरफ है। उन्होंने निकाय चुनाव में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन की बात कही।कानपुर की जनता को गिफ्ट देने का वादा-सपा की महापौर प्रत्याशी वंदना बाजपेई के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि महापौर की सीट जिताकर देना आपका काम है। इसके बाद सपा सांसद का तोहफा हमारी ओर से मिलेगा। गुंजन टाकीज के सामने बने सपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं से सपा नेता ने कहा कि अगर आप सब ने वंदना बाजपेई को जीत दिला दी तो पूरे देश से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकेंगे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद - कलेक्टेऊट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी उद्यमियों की समस्याएं हैं उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समय रहते करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में संबंधित अधिकारी ने जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि हरथला इंण्डस्ट्रियल स्टेट की सभी फैक्ट्री की बिजली सप्लाई आशियाना स्थित इण्डस्ट्रियल फीडर से जोडी जाये। अधिशासी अभियन्ता विद्युत/यांत्रिक लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर स्ट्रीट लाईटों को ठीक करा दिया गया है। कांठ रोड पर गोर ग्रेसियर पी0वी0आर0 सिनेमा व अकबर के किले पर स्थित पेन्टालून के सामने स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस कार्य को जल्द ही पूरा करा लिया जायेगा। लाकडी इण्डस्ट्रियल एरिया में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 25केवीएस से ऊपर जितना लोड मांग रहे है उसे पूर्ण करा लिया जाये। हरथला इंडस्ट्रियल स्टेट की बिजली सप्लाई आशियाना स्थित इंडस्ट्रियल फीडर से जोड़े जाने के संबंध में बताया कि 33/11 केवी उपकेन्द्र अगवानपुर से लेकर औद्योगिक पोषक हरथला -प्रथम पोषक से हरथला इंडस्ट्रियल एरिया की विद्युत आपूर्ति होती है एवं फीडर की लाइन जर्जर नही है। वर्तमान में हरथला -प्रथम फीडर से लॉग शीट एवं एम0आर0आई0 रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन औसतन 23 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

बैठक में ज्वाइंट कमिश्नर इण्डस्ट्रिज, एलडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण व उद्यमी उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आर0ओ0/ए0आर0ओ0, जोनल व सेक्टर मजिस्टेऊटों का बैलट पेपर का प्रशिक्षण सम्पन्न



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आर0ओ0/ए0आर0ओ0, जोनल मजिस्टेऊट, सेक्टर मजिस्टेऊट का बैलट पेपर का प्रशिक्षण पुलिस टेऊनिंग कालेज के मीटिंग हाल में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिलाधिकारी ने आर0ओ0, ए0आर0ओ0 को निर्वाचन संबंधी अनुमति जारी करने पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों को अनावश्यक रुप से परेशान न किया जाये तथा चुनाव प्रचार से संबंधित गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट की प्रतियों को गम्भीरतापूर्वक जांचे तथा बैलट पेपर पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोलिंग बूथ पर बिजली, पानी इत्यादि व्यवस्था का प्रबन्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे पालिंग पार्टियों को किसी भी तरह की कोई समस्या न हो सके। प्रशिक्षण में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैलट पेपर एकाउंट और पीठासीन अधिकारी की डायरी को गम्भीरतापूर्वक जांच करें। उन्होंने कहा कि रिसीविंग सेन्टर पर समुचित व्यवस्था का प्रबन्ध किया जाये।

प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा अजय कुमार गौतम, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा0 अनुपमा शांडिल्य, सहित सभी आर0ओ0, ए0आर0ओ0, सेक्टर एवं जोनल मजिस्टेऊट उपस्थित रहें।

# खालियान की जमीन की श्रेणी बदलकर उद्योग को देने की तैयारी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश



प्रदीप कुमार गुप्ता

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। रिठौरा। थाना इज्जतनगर के गांव मुंडिया अहमदनगर में बरेली - पीलीभीत मार्ग पर बने एक पांच सितारा होटल के पीछे सैकड़ों वर्षो से खलियान की जमीन खाली पड़ी है।जिस पर लगभग आधा

दर्जन ग्रामीण झोपड़ी डालकर रहते हैं।एक मन्दिर बना है। दसवां आदि संस्कार भी वहीं होते हैं।उपले बनाना, खाद के गड्ढों में गोबर इकट्ठा करना आदि काम उक्त खलियान की भूमि पर हो रहा है।अब उस जमीन पर एक व्यापारी की नज़र? पड़ गयी है। वह उसे भूमि की श्रेणी बदलकर विनियम कर कब्जे की फिराक में है।जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने इसका जमकर विरोध किया। जिलाधिकारी को सम्बोधित एक पत्र लिखकर खलियान की भूमि से छेड़छाड़ न करने की मांग की है। वहीं मंगलवार को तहसीलदार रामनारायन सिंह,नायब तहसीलदार विदित कुमार सिंह, के साथ दोपहर 3बजे पहुंचे राजस्व निरीक्षक राजपाल लेखपाल विपिन पटेल, अमित कुमार, जयदीप कुमार खलियान की जमीन की नापजोख शुरू की तो महिलाओं ने जमकर विरोध जताया।इस सन्दर्भ में रामनारायन सिंह तहसीलदार सदर ने बताया हम खलियान की जमीन की नाप-जोख करवा रहे हैं।किसी व्यापारी को जमीन देने की हमें जानकारी नहीं है।

# श्रीमती श्यामवती कन्या इण्टर कॉलेज के बच्चों ने हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट में लहराया परचम




प्रदीप कुमार गुप्ता

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। श्रीमती श्यामवती कन्या इण्टर कालेज के हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में अपना दबदबा कायम रखा है।सत्र 2022-2023 में कक्षा दस की छात्रा नैन्सी पटेल ने 88.5%अनुज कुमार ने 87% योगेन्द्र सिंह 86.6% प्रीति ने84.3% पंकज ने 83.1% ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल एवं परिजनों का मान बढ़ाया है।

वहीं कक्षा 12 में अमित कुमार नए 85.8% कोमल ने 85.2% मुकेश बाबू ने 82.6% स्वाति नए8 1.2% निर्मला ने 76.4% अंक पाकर नवाबगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कालेज के संस्थापक अयोध्या प्रसाद गंगवार प्रबन्धक खूबचंद गंगवार, प्रधानाचार्य राजबहादुर गंगवार ने सभी सफ़ल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# एडीशनल स्टेंडिंग गवर्नमेंट काउंसिल डा. अरुण कुमार उपाध्याय एडवोकेट

निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-महामहिम श्री राष्ट्रपति भारत गणराज्य श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा The Indian Red Cross Society Act, v~w® ·¤è Section y A के प्रावधान के मुताबिक प्रेसीडेंट की हैसियत से केंद्र सरकार के एटा जनपद में एडीशनल स्टेंडिंग गवर्नमेंट काउंसिल डा. अरुण कुमार उपाध्याय एडवोकेट निवासी 50, अरुणानगर एटा को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी राज्य शाखा लखनऊ का संरक्षक नियुक्त किया गया। जिसका प्रमाणपत्र प्रदर्शित है।

# बुद्ध प्रतिमा के सिर के साथ महिला पकड़ी

निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-भगवान बुद्ध की मूर्ति का सिर काटकर ले जाने के मामले में जलेसर पुलिस ने एक महिला को पकड़ा है। उसके घर से सिर कई कटे हुए हिस्से में बरामद हुआ है। मंदिर संचालक ने मूर्ति को पहचान लिया है। जलेसर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के बाद महिला को जेल भेजा है। महिला के पड़ोस में ही मंदिर है, जहां से मूर्ति का सिर चोरी किया गया था। एएसपी धनंजय कुशवाह ने बताया कि 25 मार्च की रात को कोतवाली जलेसर के मोहल्ला अकबरपुर हवेली स्थित भगवान बौद्ध ज्ञानरत्न बुद्ध विहार मंदिर में चोर घुस आए थे। मशीन से भगवान बुद्ध की मूर्ति का सिर काट ले गए थे। 26 मार्च की सुबह जानकारी हुई थी। इसके बाद जलेसर पुलिस के अलावा एसएसपी व एएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था। मामले की रिपोर्ट रमेश चंद्र ने दर्ज कराई थी। 1977 में भगवान बुद्ध की अष्टधातु की मूर्ति थाईलैंड से लाकर स्थापित की गई थी। इसकी कीमत दो करोड़ की थी। जलेसर पुलिस, स्पेशल सैल की टीमें काफी दिनों से खुलासे में लगी हुई थीं। पुलिस कार्यालय के अनुसार जलेसर एसएचओ जगदीश चंद्र, एसएसआई रामकेश राजपूत व टीम ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला अकबरपुर हवेली निवासी मुकेश कुमार की पत्नी सुमन को पकड़ा। सुमन के पास से भगवान बौद्ध का कटा हुआ चेहरा और सिर के कटे हुए 12 टुकड़े बरामद हुए हैं। सुमन का घर मंदिर से लगा हुआ है और पूरा मंदिर इसके जंगला से दिखता है। बताया जा रहा है कि मूर्ति के साथ किसी ने महिला को देख लिया था। उसने जाकर पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सिर बरामद किया है। महिला ने सिर को दूसरी मंजिल पर लकड़ियों के नीचे छिपाकर रखा था। घटना में और भी साथी शामिल हो सकते हैं। चर्चा है कि महिला के पास मूर्ति का सिर कहां से आया है पुलिस पूछताछ में पता नहीं कर पाई है। अकेली महिला नहीं कर सकती चोरी, और हैं शामिल- मशीन से सिर काटकर ले जाने की घटना को अकेले महिला अंजाम नहीं दे सकती है। जल्द ही पुलिस महिला को रिमांड पर लेगी। इसके बाद और राज खुल सकेंगे। अन्य नाम भी सामने आएंगे। मशीन से सिर काटना महिला के वश की बात नहीं है। हालांकि महिला अपने बयान से पलट रही है। चोरी के बाद हुए थे आंदोलन- भगवान बुद्ध की मूर्ति का सिर काटकर ले जाने के मामले में संगठनों ने आंदोलन किए थे। डीएम व एसएसपी को ज्ञापन देते हुए जल्द से जल्द सिर बरामद करने की मांग की गई थी। भूख हड़ताल की भी चेतावनी दी गई थी

# वोट की राजनीति कहें या पब्लिक के विश्वास का कत्ल

निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-11 मई नगर निकाय के चुनाव होने जा रहे है- लेकिन हालात सड़कों पर जिंदा घाव लिए तड़प कर इंसानों से बदले ले रहें हैं और इस वक्त सफेदपोश संस्कारों का लिबास पहनकर सड़क गली चौराहों पर लंबे लंबे हाथ जोड़कर चरण स्पर्श करते घूम रहे हैं

वोट की राजनीति कहें या पब्लिक के विश्वास का कत्ल डा,बिसारिया पैथोलॉजी के सामने चौराहे पर इतना बड़ा गड्ढा है सड़क पर है जिसमें आए दिन छोटी और बड़ी गाड़ियां समा जाती है लेकिन सफेद पोश नजरें घुमाकर चलते बनते है लापरवाही की भी एक हद होती है तो कहना पड़ेगा कि अब पब्लिक भी जागरूक हो चली है सफेदपोश समझते हैं कि हर बार वोट की राजनीति चरण वंदना से हो-तो उनका मात्र बहम होगा क्योंकि काम बोलता है दाम हर जगह नहीं। दीप्ति,

# जेल में रहकर रेप का आरोपी प्रथम श्रेणी में हुआ पास

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-माथे पर रेप का आरोप लगा था तो मां-बाप का सिर शर्म से झुक गया। मगर आज उसी ने जेल में रहकर पढ़ाई की और परीक्षा में पास होकर घरवालों का नाम रोशन किया है। जिला जेल में हाईस्कूल में एक तथा इंटर में दो बंदी परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास की है। जेल प्रशासन ने खुशी जताते हुए बधाई दी है। थाना जैथरा के गांव लहचोरा निवासी मदन लाल पुत्र ग्रीश चन्द्र पर किशोरी को ले जाने एवं दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज थी। इस मामले में वह जेल में निरूद्ध था। जेल में रहकर मदन लाल ने हाईस्कूल का फार्म भरा और परीक्षा फिरोजाबाद जेल में जाकर दी थी। मंगलवार को हाईस्कूल का रिजल्ट आया। उसमें मदन लाल ने 600 में से 419 नंबर प्राप्त किए है। इंटरमीडिएट में दो बंदी परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इंटर मे मीतेश पुत्र राजकुमार निवासी विजौरी कोतवाली देहात को 249 नंबर मिले है। मीतेश ने सेंकेड स्थान प्राप्त किया है। एक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। परिजनों ने उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है। जिला जेल में शिक्षा का अच्छा माहौल बनाया जा रहा है। परिणाम यह है कि हाईस्कूल के छात्र के 70 प्रतिशत नंबर आएं है। इंटर में दो बच्चें पास हुए है। जेल प्रशासन का पूरा प्रयास है कि बंदियों को शैक्षणिक माहौल दिया जाएं। जिससे बंदियों की योग्यता चाहरदीवारी के कारण बर्बाद न हो।- अमित चौधरी,जिला जेल अधीक्षक एटा

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# शहीद जवानों के नाम पर मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती -महानिरीक्षक सशस्त्र सीमा बल, सीमांत मुख्यालय लखनऊ रत्न संजय कटियार एवं कमांडेंट 62 वी वाहिनी एसएसबी रवींद्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशानुसार एसएसबी की सभी सीमा चौकियों में काउंटरपार्ट नेपाल के सशस्त्र बलों के साथ एसएसबी के शहीद जवानों के नाम पर मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाय और इसके द्वारा दोनों देशों के सांस्कृतिक और पारंपरिक रिश्तों की अटूट डोर को और अधिक मजबूत किया जाय।इसी क्रम में देश की सुरक्षा के लिए जम्मू कश्मीर के गांदरबल में आतंकवादियों से लड़ते हुए देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले राजस्थान के दौसा निवासी एसएसबी के शहीद जवान घनश्याम गुर्जर की याद में 29वी बटालियन नेपाल,क्क्न सोनपथरी कैम्प और एसएसबी सोनपथरी कैम्प के जवानों के मध्य एक वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सोनपथरी कैम्प के प्रांगण में दिनाँक 25.04.23 को 04=00 से 05=30 बजे तक किया गया। इस मैच को एसएसबी सोनपथरी नें 2 - 0 से अपने नाम किया।` रिश्ते को और अधिक मजबूत और प्रगाढ़ बनाना, दोनों सशस्त्र बलों के बीच आपसी सामंजस्य और समन्वय को और अधिक मजबूत बनाना, बलों में अच्छे खिलाड़ियों की खोज करना, खेल प्रतिभा को निखारना, खेलों को बढ़ावा देना, देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले एसएसबी जवानों को याद करना, सीमाई क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देना और होनहार/प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का पता लगाना है।

# बतरा ग्रामीण बैंक कर्मचारियों के व्यवहार से परेशान हो रहे ग्राहक

## मनमानी- नियम केवल बोर्ड पर बैंक चला रहे अपने मर्जी




रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

दतिमा मोड़- भैयाथान विकासखण्ड के बतरा ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक गगन गुप्ता व केशियर अंजनी सिंह की मनमानी से ग्राहक परेशान है। तानाशाही रवैया से बैंक ग्राहकों सहित बैंक पहुंचने वाले आम लोग कई हद से परेशान हैं। लोगों ने बताया कि बैंक समय पर न ही खुलता है बैंक खुलने का समय सुबह 10 से 4 बजे तक का समय स्टेट लेबल बैंकर्स कमेटी द्वारा निर्धारित किया गया है और लंच का समय दोपहर 02 से 02=30 बजे निर्धारित है लेकिन बतरा शाखा प्रबंधक की तानाशाही के चलते यह सब नियम केवल दीवाल में लिखे बस दिखाई दे रहे हैं।

वह अपनी मर्जी के अनुसार सुबह 12 बजे के बाद ही बैंक खुलवाते हैं और जब उनका मन होता है तब लंच करने चले जाते है जिसके चलते ग्राहको को घंटो इंतजार करना होता है। वहीं दिनांक 25 अप्रैल को ग्राहकों ने जब शाखा प्रबंधक से इस मनमानी पर बात की तो उनके द्वारा कई ग्राहकों से शाखा प्रबंधक द्वारा अभद्रता भी की गई। इस संबंध में बैंक के उच्चाधिकारियों को जानकारी न हो ऐसा संभव नहीं है क्योंकि कंप्यूटर में बैंकिंग कार्य का संपादन शुरू होते ही उसकी टाइमिंग रिकॉर्ड होती है। जिसका निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया जाना चाहिए।

वही बैंक परिसर में लगे सीसीटीव्ही कैमरा भी मैनेजर की तानाशाही और निष्क्रिय अधिकारी राज का गवाह है। ग्रामीण बैंक शाखा बार-बार लिंक फैल होने की समस्या से परेशान ग्राहकों ने अब बैंक की अव्यवस्था की शिकायत हो चुकी है। ग्राहकों ने बैंक की व्यवस्था सुधारने की मांग की है। कुछ दिन पूर्व इस बैंक की नेट लाइन कट जाने के चलते कुछ दिनों तक लगातार बैंक का लिंक फेल रहा, जिसके चलते ग्राहक परेशान होते रहे। शाखा की व्यवस्था प्रबंधन की मनमानी के चलते चरमरा सा गई है। क्षेत्र के इस इकलौते बैंक में इतने खाते खुल चुके हैं कि बैंक प्रबंधन इन खातों का संचालन सही ढंग से नहीं कर पा रहा है। खामियाजा ग्रामीण उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। खातेदारों ने बताया कि उन्हें बैंक में आने के बाद अपना काम कराने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

बैंक भवन छोटा होने के कारण यहां ग्राहकों के लिए न तो बैठने की जगह है और न ही भारी गर्मी में भी पेयजल की कोई व्यवस्था की गई है। उपभोक्ताओं को अपने ही जमा किए रुपए को निकालने, जमा करने या दूसरे कामों के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### बैंक के केशियर पर दुर्व्यवहार का आरोप

बतरा ब्रांच केशियर अंजनी सिंह के व्यवहार से आमजन परेशान हैं। लोगों का आरोप है कि आए दिन बदलते नियम और उनके बारे में ग्राहकों को सूचना नहीं देना और फिर झल्लाकर जवाब देना, यह केशियर के स्वभाव में शामिल हो गया है और उसके द्वारा इधर से उधर काउंटर पर भेजा जाता है। संतोषप्रद जवाब देने की बजाय दुर्व्यवहार किया की जाती है। इस शाखा में बैंक कर्मचारियों का व्यवहार हमेशा से ऐसा ही रहता है। ग्राहकों के साथ सही व्यवहार करने का कर्मचारियों को प्रशिक्षण दी जानी चाहिए।

# बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए नामांकन

अरविन्द कुमार यादव -क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शैक्षिक सत्र 2023-24 आरम्भ हो चुका है तथा जनपद के परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कार्य भी प्रारम्भ हो चुका है। जनपद के समस्त बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में समाहित किये जाने के लिए अनेक कार्य सम्पादित किये जा रहे हैं। बच्चों के चिन्हिकरण के लिए अध्यापकों के द्वारा परिवार सर्वेक्षण का कार्य आरम्भ हो चुका है एवं चिन्हित बच्चों को शारदा पोर्टल पर अंकित करते हुए उनके नामांकन की प्रक्रिया भी गतिमान है। इस शैक्षिक सत्र पर विस्तृत जानकारी देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में नामांकित बच्चों को शासन के द्वारा अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिसमें डी0बी0टी0 के माध्यम से बच्चों को नि:शुल्क यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा आदि की राशि अभिभावकों के खातों में प्रेषित की गयी है तथा इस वर्ष भी डी0बी0टी0 की प्रक्रिया गतिमान है। जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों का सुन्दरीकरण किया गया है जो कान्वेन्ट के स्तर के हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में जो भी विद्यालय बिना किसी मान्यता के संचालित हैं, उन्हें बन्द कराये जाने के लिए उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में टीम गठित करते हुए कार्यवाही की जा रही है।

# चमुखी हनुमान मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति पर्री का पूर्व कार्यकारिणी को भंगकर नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से सभी सदस्यों के द्वारा किया गया।

जिसमें संरक्षक कृष्णा कुशवाहा, उमेश चौबे, राजेंद्र अग्रवाल, सलाहकार मनोज कुशवाहा, जीतराम कुशवाहा अध्यक्ष महेंद्र राजवाड़े, उपाध्यक्ष विदेश्वर कुशवाहा, शशि कुशवाहा सचिव रामविलास कुशवाहा सहसचिव संतोष राजवाड़े कोषाध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा सह कोषाध्यक्ष जितेंद्र सोनी महामंत्री संत सिंह, राधिका कुशवाहा कार्यकारी मंत्री मनोज देवांगन संगठन मंत्री पारस सिंह, प्रेम राजवाडे मीडिया प्रभारी राकेश जायसवाल प्रवक्ता विनोद सोनी संचालक दिनेश राजवाड़े कार्यालय सचिव शंकर राजवाड़े एवं कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ- सांसद अरोड़ा

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - लुधियाना से क्क्आप% सांसद संजीव अरोड़ा ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अरोड़ा ने ट्वीट किया, ़ पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। राज्य और देश के लिए उनके योगदान को याद किया जाएगा। इस कठिन समय में मेरे विचार और प्रार्थना उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं। भगवान प्रकाश सिंह बादल की आत्मा को शांति दें। प्रकाश सिंह बादल को याद करते हुए, अरोड़ा ने आगे कहा, ़ उनकी मृदुभाषी प्रकृति और समय के मूल्य को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। जहाँ तक इन दो गुणों का संबंध है, वह कई लोगों के लिए एक आदर्श होंगे। मैं ईश्वर से सुखबीर बादल, हरसिमरत कौर बादल और परिवार के अन्य सभी सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने के लिए पर्याप्त साहस देने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि दिवंगत आत्मा की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा शोक और स्मरण संदेशों से भरे हुए हैं। लोग प्रकाश सिंह बादल के साथ अपनी पुरानी तस्वीरें भी शेयर कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने लू से बचाव हेतु जनपद वासियों से की अपील

प्रेमचंद जायसवाल -क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने लू से बचाव हेतु जनपद वासियों से अपील किया है। उन्होने कहा कि लू के प्रभाव को गम्भीरता से लेना चाहित तथा इससे बचाव हेतु विशेष सावधानी रखना चाहिए। लू के लक्षण जैसे-सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहाशी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐंठन, नब्ज असामान्य होना आदि हो सकते है। उन्होने बताया कि लू के लक्षण दिखने पर व्यक्ति को छायादार जगह पर लिटायें, व्यक्ति के कपड़े ढ़ीले करें, उसे पेय पदार्थ कच्चे आम का पना आदि पिलायें, तापमान घटाने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां रखें, प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें।क्या करें-उन्होने बताया कि लू से बचाव हेतु घर से बाहर निकलने से पहले भरपेट पानी अवश्य पियें, सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनना चाहिए। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें, टोपी/कपड़ा/छतरी आदि का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओ0आर0एस0 का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना, इत्यादि का सेवन करें। भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें, धूप में अधिक न निकलें। क्या न करें - लू से बचाव हेतु धूप में खाली पेट न निकलें, पानी हमेशा साथ में रखें, शरीर में पानी की कमी न होने दें, धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें, मिर्च मसाले युक्त एवं बासी भोजन न करें, बुखार या एयर कंडीशन से धूप में एकदम न निकले, धूप में अधिक न निकलें।

# उपायुक्त सुरभि मलिक ने की सुकैश सीजन की शुरुआत

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच




लुधियाना - उपायुक्त लुधियाना श्रीमती सुरभि मलिक (आईएएस) ने राजकीय फल संरक्षण लैब में उद्यान विभाग द्वारा उत्पादित लीची, नींबू, संतरा, अनन्नास व बिल आदि का सुकाश प्रदाय किया। के लिए सुकाश सीजन की शुरुआत की गई थी। इस अवसर पर डॉ. गुरजीत सिंह बल, सहायक निदेशक बागवानी, लुधियाना, डॉ. जसप्रीत कौर गिल सिद्धू, बागवानी विकास अधिकारी, लुधियाना, डॉ. गुरप्रीत कौर, बागवानी विकास अधिकारी, मनिंदर सिंह भी उपस्थित थे। उपायुक्त श्रीमती मलिक ने कहा कि बागवानी विभाग, पंजाब न केवल किसानों को पारंपरिक फसलों से बागवानी फसलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि किसानों और आम लोगों के अच्छे स्वास्थ्य और भलाई के लिए भी बहुत प्रयास कर रहा है। विभाग लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए विभिन्न फलों से तैयार सुकैश की आपूर्ति बिना लाभ/हानि के कर रहा है। कार्यालय उप निदेशक बागवानी, लुधियाना में सरकारी फल संरक्षण लैब, राज्य भर में लीची, नींबू, संतरा, अनानास और बिल आदि के सुकैश की भारी मांग है। निदेशक बागवानी पंजाब, शैलिंदर कौर, आई.एफ.एस. सुकैश की भारी मांग को देखते हुए विभिन्न जिलों होशियारपुर, गुरदासपुर, अमृतसर साहिब, तरनतारन, फिरोजपुर, नवां-शहर, जालंधर, कपूरथला और मोगा आदि जिलों के कुशल नेतृत्व में आपूर्ति की जा रही है। डॉ. नरिंदर पाल कलसी, डिप्टी डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर, लुधियाना ने कहा कि लैब में फलों को तैयार करते समय साफ-सफाई के पूरे इंतजाम हैं । उन्होंने कहा कि उक्त फल में किसी भी प्रकार के रसायन का प्रयोग नहीं किया गया है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कोल्ड ड्रिंक्स की जगह सुकैश का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें, जो न सिर्फ अच्छे और सेहतमंद सेहत के लिए फायदेमंद हैं बल्कि कोल्ड ड्रिंक्स से सस्ते भी हैं।

# मारहरा में भाजपा प्रत्याशी का खुला कार्यालय



योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नगरीय निकाय चुनाव का समय नजदीक आते ही पार्टियों के प्रत्याशी भी सक्रिय हो उठे हैं। निकाय क्षेत्र में चुनाव कार्यालय खुलने का क्रम भी शुरू हो गया है। इसी कडी में बुधवार को मारहरा कस्बा में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कस्बा के नदरई मार्ग पर कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक वीरेन्द्रसिंह लोधी ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होने मौजूद लोगों से कहा, कि भाजपा की नीतियों से सर्वसमाज खुश है और पार्टी के साथ जुड रहा है। उन्होने कहा, कि मारहरा नगर पालिका परिषद का चुनाव भी भारतीय जनता पार्टी ही जीतेगी।

इस मौके पर मारहरा नगर पालिका अध्यक्ष के लिए भाजपा प्रत्याशी के प्रतिनिधि विजयसिंह टाईगर, सकलैन कुरैशी, इलियास कुरैशी, पिंटू कुरैशी, राशिद कुरैशी, खिल्लूमियां आदि मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर लुधियाना कोर्ट में बुलाई शोक सभा

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - लुधियाना कोर्ट में परऊपकार सिंह घुमन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल विंग व महासचिव शिरोमणि अकाली दल के नेतृत्व में शोक सभा बुलाई गई, जिसमें राजनीति के बाबा बोहड़ पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और यह माना जाता था कि प्रकाश सिंह बादल जैसे दरवेश राजनेता की मृत्यु के साथ न केवल पंजाब बल्कि पूरा भारत देश शोक में डूब गया है। शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन से न केवल पूरे शिरोमणि अकाली दल बल्कि पूरे पंजाब और पूरे भारत को एक अपूरणीय क्षति हुई है। प्रकाश सिंह बादल दरवेश राजनेता और दूरदर्शी सोच वाले और पंजाब को तरक्की की राह पर ले जाने वाले नेता थे।

प्रकाश सिंह बादल ने सिखाया कि सभी लोगों को विशेष रूप से राजनेताओं को समय का पाबंद और संगठित और अनुशासित होना चाहिए। बैठक के सभी सदस्यों ने प्रकाश सिंह बादल से बहुत कुछ सीखा था। हम वाहेगुरु जी से प्रार्थना करते हैं कि प्रकाश सिंह बादल के निधन से गहरे शोक में परिवार और पंजाब के सभी निवासियों को शक्ति प्रदान करें। इस बैठक में परऊपकार सिंह घुमन के अलावा इंद्रपाल सिंह नोबी, मनदीप सिंह साहनी, अमनजोत सिंह गोहलवाडिया, सिमरनप्रीत सिंह, आकाशदीप सिंह संधू, रविंदर सिंह अरोड़ा, अमनदीप सिंह, कंवलजीत सिंह, राजबीर सिंह चहल, पुनीत गुप्ता आदि ने अपनी बात रखी. बैठक में अकाली दल लुधियाना के लीगल विंग के सभी सदस्यों ने भाग लिया।